


Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner



Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner




Scanned with OKEN Scanner

# राजकीय महाविद्यालय आनी में ऊर्जा संरक्षण व सौर ऊर्जा पर प्रेरक व्याख्यान

## विद्यार्थियों को ऊर्जा बचत, स्मार्ट मीटर व प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की दी जानकारी

धनश्याम शर्मा




आनी। राजकीय महाविद्यालय आनी जिला कुल्लू के एनर्जी क्लब द्वारा एनसीसी एवं एनएसएस इकाइयों के सहयोग से ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट मीटर, सौर ऊर्जा तथा विद्युत सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अतिरिक्त निदेशक जनसंपर्क प्रकोष्ठ श्री अनुराग पराशर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर जीत कुमार कनिष्ठ अभियंता, उप-मंडल आनी तथा लक्ष्मी ठाकुर, जन कार्यक्रम प्रबंधक हिमाचल प्रदेश लिमिटेड इंडिया एडवर्टाइज़िंग एंड मार्केटिंग एजेंसी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मंच संचालन ऊर्जा क्लब की सदस्य दिव्यांशी नेगी ने कुशलतापूर्वक किया। मुख्य वक्ता अनुराग पराशर ने अपने सरल एवं प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्युत ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग, ऊर्जा बचत के व्यावहारिक उपायों, स्मार्ट मीटर की उपयोगिता तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्युत सुरक्षा, विशेषकर आंधी के मौसम पर भी प्रकाश डाला और सौर ऊर्जा प्रणाली की स्थापना के अनुसार मिलने वाले अनुदान तथा लागत से जुड़ी जानकारियाँ भी साझा कीं।

उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने, आत्मविश्वास बनाए रखने तथा निरंतर परिश्रम के माध्यम से असाधारण उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उनके प्रेरक विचारों से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच और समाज के प्रति समर्पण की भावना मजबूत हुई। व्याख्यान के बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का संतोषजनक समाधान किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

ANNI TODAY
आनी टुडे
डिजिटल अखबार

# राजकीय महाविद्यालय आनी में ऊर्जा संरक्षण एवं सौर ऊर्जा पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन

## : ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट मीटर, सौर ऊर्जा तथा विद्युत सुरक्षा जैसे विषयों पर किया जागरूक




राजकीय महाविद्यालय आनी स्थित हरिपुर के एनर्जी क्लब द्वारा, एन०सी०सी० एवं एन०एस०एस० इकाइयों के सहयोग से ऊर्जा संरक्षण, स्मार्ट मीटर, सौर ऊर्जा तथा विद्युत सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड के अतिरिक्त निर्देशक (जनसंपर्क प्रकोष्ठ), अनुराग पराशर ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर जीत कुमार, कनिष्ठ अभियंता, उप-मंडल आनी तथा साक्षी ठाकुर, राज्य कार्यक्रम प्रबंधक (हिमाचल प्रदेश), विविड इंडिया एडवर्टाइजिंग एंड मार्केटिंग एजेंसी भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० दायक राम ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का मंच संचालन ऊर्जा क्लब की सदस्य दिव्यांशी नेगी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने महाविद्यालय के एनर्जी क्लब, एन० सी० सी० व एन० एस० एस० इकाइयों को हार्दिक बधाई दी और कार्यक्रम में उपस्थित रिसोर्स पर्सन व अन्य अतिथियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का समापन ऊर्जा क्लब की अध्यक्ष यशवरी द्वारा औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

मुख्य वक्ता अनुराग पराशर ने अपने प्रभावशाली एवं सरल प्रस्तुतीकरण में विद्युत ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग, ऊर्जा बचत के व्यावहारिक उपायों, स्मार्ट मीटर की उपयोगिता, प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा के लाभ तथा विद्युत सुरक्षा विशेषकर अर्थिंग के महत्व को विस्तार से समझाया। उन्होंने सौर ऊर्जा प्रणाली की क्षमता के अनुसार अनुदान एवं लागत संबंधी जानकारियाँ भी साझा कीं, जिससे विद्यार्थियों को स्वच्छ एवं सतत् ऊर्जा विकल्पों की स्पष्ट समझ मिली।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में ऊर्जा संरक्षण और नवीकरणीय ऊर्जा के अधिकतम उपयोग पर बल देते हुए कहा कि युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी से ही ऊर्जा आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे सौर ऊर्जा जैसे स्वच्छ विकल्पों को अपनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें तथा सीखी गई जानकारियों को समाज तक पहुँचाएँ।

Scanned with OKEN Scanner